


नवभारत
भोपाल, सोमवार 30 मार्च, 2026


एक नजर में



### कांग्रेस से अंकित बने कुंभराज मंडल अध्यक्ष

**कुंभराज।** कुंभराज मंडल हाल ही में आई कांग्रेस मंडल अध्यक्ष की लिस्ट में नगर कुंभराज से अंकित जैन मेडिकल वाले को कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष चुने गए हैं जिस पर उनके कांग्रेस के साथियों एवं दोस्तों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। अंकित जैन ने कहा इस पद पर रहकर अपने कार्य का निर्भाण सेवा निष्ठा सच्ची ईमानदारी से करूंगा मुझ पर जो विश्वास बाबा साहब ने दिखाया है। उसको विफल नहीं होने दूंगा इस पर सभी नगर वासि दोस्तों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### दिन के साथ अब रातें भी होने लगीं गर्म

**गुना।** जिले में मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव आ रहा है और अब दिन के साथ-साथ रातें भी तपने लगी हैं। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात तापमान में बड़ी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, जिससे पारा उछलकर 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। यह इस सीजन की अब तक की सबसे गर्म रात रिकॉर्ड की गई है, क्योंकि इससे पहले रात का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित था। दिन के समय भी सूरज के तीखे तेवरों के कारण अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। अचानक बढ़ी इस तपन के कारण अब लोगों को रात के समय भी गर्मी और उमस का अहसास होने लगा है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और भी कड़े हो सकते हैं, जिससे दिन और रात के तापमान में और अधिक उछाल आने की संभावना बनी हुई है। फिलहाल बढ़ते पारे ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है और लोग दोपहर के समय घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं।



## जयंती से पहले नया भजन 'बालाजी सरकार तुम्हारी जय हो' लॉन्च

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर के आस्था के केंद्र श्री हनुमान टेकरी मंदिर पर हनुमान जयंती और वार्षिक मेले की तैयारियां इन दिनों युद्ध स्तर पर चल रही हैं। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के उत्साह को दोगुना करने के लिए एक नया भक्तिमय भजन लॉन्च किया गया है।**

पिछले 25 वर्षों से लगातार श्री हनुमान टेकरी जन्मोत्सव और मेले के अवसर पर भजनों का निर्माण करने वाले नरेन्द्र नोनेरिया 'निर्मल' ने इस बार भी अपनी कला और भक्ति का अनूठा संगम पेश किया है। नरेन्द्र नोनेरिया द्वारा रचित भजन आमजन में खासे लोकप्रिय हैं, जिनमें 'टेकरी सरकार तुम्हारी जय' और 'बालाजी सरकार तुम्हारी जय हो' जैसे भजन श्रद्धालुओं की जुबान पर रहते हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष 'एक बलमा मैं तो टेकरी मेला जाऊंगी' का निर्माण भी जोर-शोर से चल रहा है, जो मेले से पूर्व श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस नए भजन को तैयार करने में क्षेत्र के नामी कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें गीतकार व निर्माण नरेन्द्र नोनेरिया का है, वहीं इसे जयकुमार अबेला और नीतू शर्मा ने अपने सुरीले स्वरों से सजाया है। भजन का संगीत जोगेश शाक्य द्वारा तैयार किया गया है, जबकि वीडियो में जेके महाराज, चंद्रेश सोनी और ऋचा सोनी जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। वीडियोग्राफी का कार्य विजय पटवा एवं शिवम ने संभाला है और मिक्सिंग विक्की कुशवाह द्वारा की गई है। इस भक्तिमय परियोजना को सफल बनाने में श्री टेकरी मंदिर ट्रस्ट समिति, मोतीलाल कुशवाह और योगेश रजक का विशेष सहयोग रहा है।

टेकरी मेले के आगाज से पहले ही इस भजन को यूट्यूब चैनल पर लॉन्च कर दिया गया है, ताकि श्रद्धालु घर बैठे और मेले की यात्रा के दौरान बाबा की भक्ति में सराबोर हो सकें। हनुमान जयंती के इस विशेष अवसर पर टेकरी सरकार के दरबार में शीश नवाने आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह भजन एक अनूठा उपहार साबित हो रहा है।

# पुलिस की बेल्ट... किशोर की चीखें और 5 घंटे का महासंग्राम!

## राघौगढ़ थाने में मची भारी खलबली, दो आरक्षक लाइन हाजिर!

नवभारत न्यूज

**राघौगढ़ 29 मार्च का। राम जन्मोत्सव के दौरान डीजे बजाने से रोकने और सोशल मीडिया पर डाली गई एक पोस्ट को लेकर पुलिस द्वारा 16 वर्षीय किशोर की बेरहमी से पिटाई का मामला गरमा गया है। इस घटना से आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों और सैकड़ों नागरिकों ने राघौगढ़ थाने का लगभग 5 घंटे तक घेराव किया। मामला बढ़ता देख एसडीएम और एसडीओपी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुँचा।**





बीती रात श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही थी। मुख्य मार्ग पर शीतला माता मंदिर के पास श्रद्धालु डीजे के साथ आरती की तैयारी कर रहे थे, जिसे प्रशासन ने रुकवा दिया। इस कार्रवाई से नाराज होकर नीरज सैनी (16 वर्ष) नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर एक रील (वीडियो) पोस्ट कर दी। परिजनों का आरोप है कि इस पोस्ट से नाराज होकर तीन पुलिस आरक्षक नीरज को थाने ले गए और वहां बेल्ट से उसकी बेरहमी से पिटाई की। युवक की हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**थाने पर घंटों चला हंगामा, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी**

जैसे ही किशोर की पिटाई की खबर फैली, बड़ी संख्या में लोग थाने के सामने जमा हो गए और दोषियों पर एफआईआर की मांग को लेकर अड़ गए। भीड़ के गुस्से को देखते हुए एसडीएम अमित सोनी, डिप्टी कलेक्टर और एसडीओपी दीपा डुडवे मौके पर पहुँचे। हीरेन्द्र सिंह बन्टी भी समर्थकों के साथ थाने पहुँचे और पुलिस की इस कार्यप्रणाली पर कड़ा ऐतराज जताया।

**दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर**

जनाक्रोश को देखते हुए एसडीओपी दीपा डुडवे ने तत्काल प्रभाव से दो आरक्षकों देवेन्द्र नरूका और अजय सिकरवार को लाइन हाजिर कर दिया है। हालांकि, प्रदर्शनकारी तीनों दोषी आरक्षकों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे।

**विधायक ने की निंदा, कड़ी कार्रवाई की मांग**

राघौगढ़ थाना परिसर में एक युवक के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा कथित मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीर और निंदनीय बताते हुए विधायक जयवर्धन सिंह ने



पुलिस अधीक्षक गुना को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जयवर्धन सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि 28 मार्च 2026 को राघौगढ़ निवासी नीरज सैनी को पुलिसकर्मी थाने लेकर पहुंचे थे, जहां उसके साथ न केवल अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई, बल्कि गंभीर मारपीट भी की गई। विधायक के अनुसार, पुलिस की इस बर्बरता के कारण युवक की हालत इतनी बिगड़ गई कि उसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर गंभीर स्थिति में गुना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पत्र में जिक्र किया गया है कि जब पीड़ित का बड़ा भाई अभिषेक सैनी अपने भाई की खैरियत जानने थाने पहुँचा, तो पुलिसकर्मियों ने उसके साथ भी अभद्रता और मारपीट की।

**इनका कहना है**

16 साल के बच्चे को इतनी बेरहमी से पीटना निंदनीय है। पुलिस प्रशासन ने 2 अप्रैल तक उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यदि तय समय तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो मैं स्वयं थाने के सामने धरने पर बैठूंगा।

**हीरेन्द्र सिंह बन्टी, भाजपा नेता**

## कोर्ट जाएंगे, लेकिन पात्रता परीक्षा नहीं देंगे शिक्षक, बनाई रणनीति

नवभारत न्यूज

**गुना। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देशभर के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के फैसले के बाद अब शिक्षकों ने इसके विरोध में लामबंद होना शुरू कर दिया है।**



इसी सिलसिले में गुना के स्वतंत्रता पार्क में शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षकों का स्पष्ट रूप से कहना है कि वे लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इस पड़ाव पर आकर परीक्षा देना उनके लिए व्यवहारिक नहीं है, इसलिए शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान गुना से भी एक स्वतंत्र रिट याचिका दायर करने पर विचार-विमर्श किया गया, हालांकि राज्य शिक्षक संघ ने संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट में एक ही मजबूत याचिका दायर करने का सुझाव दिया है। दरअसल, 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसला सुनाया था, जिसमें देशभर के शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया गया था। शुरूआत में शिक्षकों को इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं थी, लेकिन 2 मार्च 2026 को आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से अपात्र शिक्षकों का डेटा मांगे जाने के बाद शिक्षक समुदाय में चिंता की लहर दौड़ गई है। अब शिक्षकों ने तय किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष पुरजोर तरीके से रखेंगे। चूंकि न्यायालय ने शिक्षकों और सरकारों को अपनी बात रखने का अवसर दिया है, इसलिए शिक्षक अब सरकार पर भी यह दबाव बनाएंगे कि वह अदालत में शिक्षकों की पैरवी पूरी क्षमता के साथ करे ताकि उनके हितों की रक्षा हो सके।

## कैंट थाने के पास अनाज से भरी ट्रॉली पलटी, हादसा टला

**गुना।** शहर के केंट थाना इलाके में स्थित एक अस्पताल के सामने अनाज से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार, गिर्राज ट्रेडिंग कंपनी का करीब 200 बोरी धनिया नानाखेड़ी मंडी से भरकर वेयरहाउस की ओर ले जाया जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि ट्रॉली पलटने के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि सड़क पर धनिया बिखरने से कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा।



हादसे के कारणों को लेकर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली ओवरलोड थी, जिसके कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। वहीं, दूसरी ओर कंपनी के मुनीम अशोक शर्मा ने इन दावों को खारिज करते हुए बताया कि ट्रॉली में क्षमता के अनुसार केवल 70 क्विंटल धनिया ही भरा हुआ था। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में वर्तमान में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिससे सड़क कहीं ऊंची तो कहीं नीची है। इसी ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरते समय ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रॉली बीच सड़क पर ही पलट गई। घटना के बाद अनाज को दूसरी ट्रॉली में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

## नगर के वार्ड क्रमांक 2 में नवीन रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ



**गुना।** नगर के विकास को गति देने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 2 में नवीन रोड के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नरसी खटीक, पार्षद संतोष अहिरवार, सुनील अहिरवार, भगवान सेन, राहुल सेन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौके पर उपस्थित रहे। निर्माण कार्य के प्रारंभ होने से स्थानीय निवासियों में हर्ष का माहौल है, क्योंकि लंबे समय से इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कार्य का निरीक्षण करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी विकास कार्य लगातार कराए जाएंगे।

उपस्थित वार्डवासियों ने विकास कार्यों की इस पहल का स्वागत किया और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। प्रशासन का लक्ष्य है कि वार्ड के प्रत्येक हिस्से में सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके, जिससे आम नागरिकों को दैनिक जीवन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### महावीर जयंती पर आज रहेगा अवकाश

**गुना।** गुना जिले में महावीर जयंती के अवकाश की तारीख में बदलाव किया गया है। स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में संशोधन किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार, अब जिले में 'महावीर जयंती' के उपलक्ष्य में पूर्व घोषित तिथि 31 मार्च 2026 (मंगलवार) के स्थान पर 30 मार्च 2026 (सोमवार) का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। अब 31 मार्च को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे।

## 201 साल प्राचीन मंदिर में मना राम-जानकी कल्याण महोत्सव



**गुना।** ऐतिहासिक नगरी राघौगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक 201 वर्ष प्राचीन रामलला मंदिर में नवरात्रि एवं रामनवमी पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किया गया। साल 1825 में राज दीवान परिवार द्वारा निर्मित इस भव्य मंदिर की स्थापना के 201 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राम-जानकी कल्याण महोत्सव' ने संपूर्ण नगर को भक्तिमय कर दिया। इस गौरवशाली अवसर पर तिरुपति के प्रख्यात संत उमाशंकर त्रिपाठी के सानिध्य में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिसमें भारतीय पद्धति और प्राचीन वैदिक परंपराओं का अक्षरश: पालन किया गया। नवरात्रि के दौरान आयोजित रुद्र चंडी महायज्ञ की दिव्यता और मंत्रोच्चार से क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। महोत्सव के विशेष सत्र और राम-जानकी कल्याण महोत्सव के कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान प्रभु रामलला और माता जानकी की विशेष महाआरती की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। वर्तमान में इस प्राचीन मंदिर की सेवा और पूजा-अर्चना नितिन वत्स द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ की जा रही है, जबकि मंदिर के प्रबंधन और रख-रखाव में सचिन वत्स एवं राहुल वत्स का सक्रिय योगदान रहता है। 1825 में निर्मित यह मंदिर अपनी भव्यता के लिए पूरे अंचल में विख्यात है और तिरुपति से आए संतों के मार्गदर्शन में अनुष्ठानों ने दक्षिण और भक्ति धाराओं का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

**अपराध** पार्लर सिखाने वाली सहेली ही निकली आस्तीन का सांप, पति से कराया युवती का रेप

# गुना में दरिंदगी, दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात

नवभारत न्यूज

**गुना। जिला पुलिस ने महिला संबंधी अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई की है। कैंट थाना पुलिस ने दोनों प्रकरणों में तत्परता दिखाते हुए एक महिला सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**



पहला मामला कैंट के गुलाबगंज क्षेत्र का है। यहां एक 22 वर्षीय युवती के साथ दरिंदगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि वह यास्मीन खान के साथ पार्लर का काम सीखने जाती थी। करीब चार महीने पहले यास्मीन ने उसे काम के बहाने अपने घर बुलाया, जहां उसके पति शरीफ खान ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने दावा किया है कि इसके बाद यास्मीन खान बदनामी का डर दिखाकर उसे शरीफ के पास कमरे में भेज देती थी और खुद बाहर पहरा देती थी।

शनिवार शाम को भी शरीफ ने उसे धमकाकर घर बुलाया और जबरदस्ती करने लगा। युवती के विरोध और धक्का देने से शरीफ गिर गया, जिससे उसे चोट आई। इस दौरान यास्मीन और शरीफ का भाई मुवीन खान बाहर पहरा दे रहे थे। परिजनों को सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर युवती को छुड़ाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शरीफ खान, यास्मीन खान और मुवीन खान को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

**महिला की शिकायत पर युवक गिरफ्तार**

गुना में दुष्कर्म का एक और सनसनीखेज केस बांसखेड़ी इलाके में सामने आया है। जहां एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने 25 मार्च को दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। अब इस मामले में 28 मार्च को आरोपी भुवनेश्वर शर्मा की गिरफ्तारी कर ली गई है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर व सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने इन मामलों में सक्रियता दिखाई।

पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों के सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरुंधती राजावत, आरक्षक राजू बघेल, सूर्यभान जाट, शुभम रघुवंशी, धर्मेन्द्र रघुवंशी, देवेन्द्र रघुवंशी और महिला आरक्षक रक्षा रघुवंशी व तेजस्विता जादौन की मुख्य भूमिका रही।

## गुना में जांची जा रही हैं बोर्ड की लगभग डेढ़ लाख कॉपियां



**गुना।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब विद्यार्थियों का इंतजार खत्म होने वाला है। जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह तक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मूल्यांकन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले को आवंटित कॉपियों में से अधिकांश का जांच कार्य पूर्ण हो चुका है। हाई स्कूल की जिले को कुल 89 हजार 886 उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 73,686 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। अब मात्र 16 हजार 200 कॉपियां शेष बची हैं। जबकि हायर सेकेंडरी की 57 हजार 779 कॉपियों में से 54 हजार 489 का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। अब केवल 3 हजार 290 कॉपियां जांचना बाकी है। मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों के लिए सख्त अनुशासन तय किया गया है। केंद्र पर अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को प्रशासन द्वारा तुरंत नोटिस जारी किए जा रहे हैं, ताकि कार्य में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। मूल्यांकन कार्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में अनुभवी शिक्षकों को लगाया गया है। हयर सेकेंडरी के लिए 27 मुख्य मूल्यांकनकर्ता कार्य कर रहे हैं। हाई स्कूल के लिए 137 मूल्यांकनकर्ता अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एचएन जाटव के मुताबिक हायर सेकेंडरी का मूल्यांकन 31 मार्च तक और हाई स्कूल का कार्य 2 से 3 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। पूरे प्रदेश में मूल्यांकन कार्य 5 अप्रैल तक समाप्त होने की उम्मीद है। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल परिणाम तैयार करने के लिए 10 से 12 दिन का समय लेता है। खबरों के मुताबिक, 15 अप्रैल के आसपास बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए जा सकते हैं।